**आकाशवाणी शिमला**

**18.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि आउटर सिराज को कुल्लू जिला मुख्यालय से 12 महीने जोड़ने के लिए जलोड़ी जोत सुरंग के निर्माण का मामला केंद्र सरकार से उठाया जाएगा। कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल के बागा–सराहन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में विकास के नये अयाम स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आनी विधानसभा क्षेत्र में 81 करोड़ रूपए से अधिक की विकास योजनाओं को जनता को समर्पित किया। उन्होंने आनी क्षेत्र में डे–बोर्डिंग स्कूल खोलने और आनी को नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा की।

**मुख्यमंत्री दौरा**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज शिमला जिले के ठियोग के दौरे पर रहेंगे। वे ठियोग में नवनिर्मित बस स्टैंड के अलावा शिलारू में सब्जी मंडी का लोकार्पण करेंगे। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इस दौरान उपस्थित रहेंगे।

**भाजपा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में भाजपा द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल व पार्टी के अन्य नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे। ***संकल्प से सिद्धि*** की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विकास और समृद्धि में भाजपा सरकार के योगदान को जन–जन तक पहुंचाना है।

**बागवानी मंत्री**

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि इस वर्ष भी सेब यूनिवर्सल कार्टन में बिकेगा। रिकांगपिओ में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार यूनिवर्सल कार्टन को कड़ाई से लागू करेगी और इसकी अवहेलना करने वाले आढ़तियों व बागवानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**शूलिनी मेला**

सोलन का सुप्रसिद्ध राज्य स्तरीय शूलिनी मेला 20 से 22 जून तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ करेंगे जबकि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। अतिरिक्त जिला उपायुक्त राहुल जैन ने बताया कि 20 जून की सांस्कृतिक संध्या में इंडियन आईडल फेम सन्नी हिंदुस्तानी जबकि अंतिम सांस्कृतिक संध्या में पार्शव गायक देव नेगी मुख्य आकर्षण होंगे। जैन ने बताया कि इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलाकार भी लोगों का मनोरंजन करेंगे।

**प्री मानसून**

प्रदेश में प्री मॉनसून के सक्रिय होते ही राज्य के अनेक भागों में रूक–रूक कर बारिश हो रही है। प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही वर्षा और पहाड़ों पर बर्फ के तेजी से पिघलने के कारण नदी नालों का जल स्तर बढ़ गया है। इसे देखते हुए प्रदेश बिजली बोर्ड के लारजी बांध और सतलुज जल विद्युत निगम के नाथपा बांध से अतिरिक्त पानी छोड़ा जा रहा है। इसके मद्देनज़र प्रशासन ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों से ब्यास और सतलुज नदी के किनारे न जाने की अपील की है। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 5 दिनों में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मध्यम से हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से...

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है **विधवा बहू के पुनर्विवाह पर बेटे के माता–पिता पारिवारिक पेंशन के हकदार।**

**मुख्यमंत्री सुक्खू का बागा सराहनके युवाओं के लिए ऐलान** शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है **ई–कार्ट खरीदने के लिए मिलेगी 50 फीसदी सबसिडी।**

दैनिक जागरण की एक खबर है **खराब परिणाम पर शिक्षक, प्रधानाचार्य व मुख्य अध्यापक की रूकेगी वेतन वृद्धि, होगा तबादला।**

पंजाब केसरी की सुर्खी है **मणिमहेश यात्रा से पूर्व भरमौर में बाहरी राज्यों के वाहनों पर लगेगा ग्रीन शुल्क**।

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है **मानसून से पहले प्रदेश में सामान्य से 2 सौ 73 प्रतिशत ज्यादा बारिश।**